केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब www.bhartiyabasti.com और उसका छपा संस्करण सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com के लिये विज्ञापन बुक कराये। विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :45 अंक 191 गुरूवार 1 फरवरी 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बने डॉ. रघुवर पाण्डेय



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती,भारतीय जनता पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ के गोरक्ष प्रांत के संयोजक रमेश सिंह एवं सह संयोजक डॉ संजय द्विवेदी की संस्तुति पर ,भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक चन्द शर्मा, सदस्य विधान परिषद की अनुमति एवं अनुमोदन से बस्ती जनपद के जिला संयोजक का दायित्व समाजशास्त्री डॉ रघुवर पाण्डेय,जिला सह संयोजक मनीष श्रीवास्तव,अजय प्रकाश श्रीवास्तव, डॉ बृजेश कुमार पासवान,को मिला है। डॉ रघुवर पाण्डेय ने जिला संयोजक के दायित्व प्रदान करने हेतु भाजपा शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है,और कहा कि पार्टी का जो निर्देश होगा उसका पालन निष्ठा पूर्वक किया जाएगा।

डॉ .रघुवर पाण्डेय के जिला संयोजक बस्ती बनाए जाने पर अनेक जन प्रतिनिधियों, भाजपा नेताओं ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।


### अमरमणि मामले में अगली सुनवाई 9 को

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। बहुचर्चित राहुल मद्धेशिया अपहरण केस में सुनवाई के दौरान सप्तम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एमपी–एमएलए प्रमोद कुमार गिरि की अदालत में डीएम बस्ती की आख्या नहीं पेश हुई। कोर्ट ने डीएम की आख्या के लिए रिमाइंडर प्रेषित करने का आदेश दिया है। अब इस प्रकरण की अगली सुनवाई आगामी नौ फरवरी को होगी। फिलहाल पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी की चल–अचल संपत्ति की कुर्की के लिए अब डीएम बस्ती की आख्या मिलने तक पेंच फंस गया है। पूर्व में उम्मीद थी कि अदालत में अगली सुनवाई यानी 30 जनवरी 24 तक सीआरपीसी की धारा 82 के बाद 83 (कुर्की) की कार्रवाई पूरी हो जाएगी। एमपी–एमएलए कोर्ट ने अपहरण के केस में फरार आरोपी अमरमणि की संपत्ति की कुर्की के लिए ढाई महीने पहले ही आदेश दे दिया था। मामले की विवेचना करने वाली कोतवाली पुलिस ने आरोपी के आवास पर जाकर कुर्की की प्रक्रिया आरंभ कर दी थी। बीते 11 नवंबर 23 को अमरमणि के गोरखपुर जिले के हुमायुंपुर आवास पर जाकर सीआरपीसी की धारा 82 के तहत कुर्की करने की नोटिस चस्पा कर दी थी। फरार आरोपी के संबंध में अखबारों में इश्तहार भी प्रकाशित करवा चुकी है। एसपी बस्ती ने कुर्की के लिए चल–अचल संपत्तियों के आकलन के लिए पांच टीमें गठित कर उनके संभावित संपत्ति के ठिकानों गोरखपुर, महराजगंज और लखनऊ में भेजकर संपत्ति का ब्योरा भी जुटाया गया, जिसमें महराजगंज के नौतनवा में एक मकान और लखनऊ के विक्रांत खंड में 450 वर्गमीटर भूखंड जिसकी कीमत एक करोड़ 18 लाख 80 हजार रुपये कीमत की आकी गई है।

सप्तम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एमपी–एमएलए प्रमोद कुमार गिरि की कोर्ट ने डीएम बस्ती को निर्देशित किया है कि जिलाधिकारी यह स्थिति स्पष्ट करें कि अभियुक्त अमरमणि त्रिपाठी की चल–अचल संपत्ति बस्ती जिले में है या नहीं ताकि समस्त जिलों में अभियुक्त की संपत्तियों की कुर्की के लिए प्रमुख सचिव गृह को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया जा सके।

# ज्ञानवापी पर कोर्ट ने दिया व्यास जी के तहखाने में पूजा–पाठ की अनुमति



**वाराणसी (आभा)।** ज्ञानवापी के दक्षिणी हिस्से में बने व्यास जी के तहखाने में हिन्दू पक्ष को पूजा–पाठ की इजाजत मिल गई है। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने डीएम को सात दिन के अंदर व्यास जी के तहखाने में पूजा–पाठ के प्रबंध करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा है कि वादी और काशी विश्वनाथ ट्रस्ट बोर्ड की ओर से रखे गये पुजारी यहां पूजा करेंगे। पूजा के लिए लोहे के बाड़ हटाकर रास्ता देने के लिए भी डीएम को आदेश किया गया है। पिछले ही हफ्ते अदालत के आदेश पर व्यास जी के तहखाने की चाबी डीएम ने अपने कब्जे में ली थी। हिन्दू पक्ष के वकील इस फैसले को राममंदिर का ताला खुलवाने जैसा मान रहे हैं। इस तहखाने पर 1993 से पहले पूजा पाठ होती थी। अयोध्या में विवादित ढांचा ढहने के बाद ज्ञानवापी के चारों तरफ प्रशासन ने लोहे की बैरिकेडिंग कर दी थी। इससे तहखाने में जाने का रास्ता बंद हो गया था और पूजा पाठ भी बंद हो गई थी। काशी विश्वनाथ मंदिर में बने नंदी के ठीक सामने स्थित ज्ञानवापी के इस तहखाने में 1993 से पहले सोमनाथ व्यास का परिवार नियमित पूजा पाठ करता था। लोहे की बैरिकेडिंग लगने से वहां आना–जाना बंद हो गया और पूजा पाठ भी बंद हो गई थी। पिछले साल जब ज्ञानवापी में स्थित शृंगार गौरी में पूजा की इजाजत समेत कई मामले दाखिल हुए तो तहखाने में भी दोबारा पूजा पाठ के लिए व्यास जी के नाती शैलेंद्र व्यास ने अदालत से गुहार लगाई थी।

## आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनवाने के लिए डीएम ने दिया 15 दिन का समय




–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । 59 हजार परिवारों में कम से कम एक आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनवाने के लिए जिलाधिकारी अंद्रा वामसी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को 15 दिन का समय दिया है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में उन्होने 2 लाख 59 हजार में से 2 लाख परिवारों में एक गोल्डन कार्ड बन जाने पर तथा दैनिक रूप से गोल्डन कार्ड बनाने में प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर उन्होने स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों को बधाई दिया। उन्होने निर्देश दिया है कि सभी परिवारों में कम से कम एक गोल्डन कार्ड का लक्ष्य अगले 15 दिन में पूरा करें।

उन्होने सभी खण्ड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत को निर्देश दिया है कि इस कार्य में स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करें। पंचायत सहायको के पास बायोमैट्रिक मशीन उपलब्ध है, उनका सहयोग लेकर कार्ड बनवाये। समीक्षा में उन्होने पाया कि कुल 11 लाख में से 7 लाख से अधिक लाभार्थियों का गोल्डन कार्ड बनाया जा चुका है। उन्होने इस प्रगति को देखते हुए आयुष्मान भारत योजना की टीम का वेतन बहाल करने का भी निर्देश दिया है।

उन्होने ई–खतौनी, डिजिटल क्राप सर्वे, मुकदमों के निस्तारण तथा कायाकल्प योजना के अन्तर्गत अच्छी प्रगति को देखते हुए इससे जुड़े सभी अधिकारियों–कर्मचारियों की सराहना किया। उन्होने जिला पंचायत राज अधिकारी, सभी बीडीओ, सभी सहायक विकास अधिकारी पंचायत का पूर्व में रोका गया वेतन बहाल करने का निर्देश दिया है। उन्होने कायाकल्प योजना में विद्यालयों में फर्नीचर का कार्य अपूर्ण पाये जाने पर रूधौली के खण्ड विकास अधिकारी, एबीएसए तथा सहायक विकास अधिकारी पंचायत का वेतन रोकने का निर्देश दिया है। बैठक में पूछे जाने पर तीनों अधिकारियों ने फर्नीचर की आपूर्ति ना होने वाले विद्यालयों की अलग–अलग संख्या बतायी।

## गिरफ्तार हो सकते हैं हेमंत सोरेन



**रांची (आभा)।** झारखंड की सियासत में बुधवार का दिन बेहद अहम है। कथित जमीन घोटाले में घिरे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का प्रवर्तन निदेशालय से आमना–सामना हो रहा है। सोमवार को मुख्यमंत्री के दिल्ली आवास पर ईडी की छापेमारी और करीब 40 घंटे तक सीएम के 'लापता' होने के बाद सियासी पारा तेज हो गया है। ईडी का दावा है कि सोरेन के घर से छापेमारी के दौरान 36 लाख रुपए कैश भी बरामद किया गया है। ईडी के दावे के बाद सोरेन की गिरफ्तारी की आशंका भी जताई जा रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार दोपहर और फिर देर शाम गठबंधन दलों के विधायकों के साथ बैठक की। विधायकों की बैठक में हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन भी मौजूद रहीं। माना जा रहा है कि विषम परिस्थिति उत्पन्न होने पर हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना को सीएम बना सकते हैं।

## प्राथमिक शिक्षक संघ कार्यकारिणी का विस्तारः अभिषेक जायसवाल मंत्री बने



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई रामनगर द्वारा बुधवार को कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष इंद्रसेन मिश्र की अध्यक्षता में हुई बैठक में सर्वसम्मति से अभिषेक जायसवाल को मंत्री, अनिल कुमार मौर्या तथा अशरफ अली को उपाध्यक्ष, संतराम वर्मा को ऑडिटर चुना गया। विस्तार के उपरांत सभी पदाधिकारियों ने शिक्षक हित में काम करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि जो भी जिम्मेदारी दी गई है उसका पूरे मनोयोग से निर्वहन किया जाएगा। ब्लॉक अध्यक्ष इंद्रसेन मिश्रा ने कहा कि गत दिनों शिक्षकों के स्थानांतरण हो जाने से कुछ पदाधिकारी दूसरे जनपद में चले गए थे इसके उपरांत कार्यकारिणी में कई पद रिक्त हो गए थे। संगठन के हित को देखते हुए रिक्त पदों पर पदाधिकारी के रूप में शिक्षक मनोनीत किए गए हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हम शिक्षकों के समक्ष सबसे बड़ा मुद्दा पुरानी पेंशन का है। पुरानी पेंशन हमारा अधिकार है सरकार को इसे अभिलंब लागू करना चाहिए। पुरानी पेंशन के लिए एनजेसीए की अगुवाई में होने वाली महाहड़ताल के लिए सभी शिक्षक और कर्मचारी कमर कस चुके हैं।बैठक में पप्पू सक्सेना, गुरुलाल वर्मा, शमसुल हुदा, राजकांत, अजय कुमार, मजहर आलम, अब्दुल कयूम, ज्ञानेश्वर शुक्ल, निखिलेश मिश्र, अंकित चौधरी, अरविंद कुमार जायसवाल, परवेज अख्तर, रज्जव अली, अनिल विभाकर, सुनील चौधरी, राजेश कुमार, अंगद कुमार सहित बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी और सदस्य गण मौजूद रहे।

## कांग्रेस असंगठित कामगार के पूर्वान्चल कोआर्डिनेटर बने नोमान अहमद

–भारतीय बस्ती संवाददाता–



बस्ती । अखिल भारतीय असंगठित कामगार और कर्मचारी कांग्रेस 'के.के.सी.' के राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ. उदित राज ने नोमान अहमद को पूर्वी उत्तर प्रदेश पूर्वान्चल का कोआर्डिनेटर नियुक्त किया है। नोमान अहमद ने कहा कि असंगठित कामगारों के हितों के लिये कार्य तेज किया जायेगा।

नोमान अहमद को पूर्वी उत्तर प्रदेश पूर्वान्चल का कोआर्डिनेटर नियुक्त किये जाने पर कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय 'ज्ञानू', संतकबीर नगर जिलाध्यक्ष प्रवीण चन्द्र पाण्डेय, देवेन्द्र श्रीवास्तव, मो. रफीक खां, डॉ. बबिता शुक्ला, अरूण कुमार पाण्डेय, उदयराम यादव, सलाहुद्दीन, साधूशरन आर्य, मो. वहीद, अताउल्ला, अनिल त्रिपाठी, मनीष श्रीवास्तव, सुधीर यादव, फरमान अहमद के साथ ही कांग्रेस के अनेक पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

## मण्डलायुक्त ने किया 50 लाख से ऊपर के निर्माण परियोजनाओं की समीक्षाः 384 परियोजनाओं पर जारी है कार्य

–भारतीय बस्ती संवाददाता–



बस्ती । मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह ने निर्देश दिया है कि अनारम्भ निर्माण कार्यो की टेण्डर प्रक्रिया पूरी करते हुए वर्कआर्डर जारी कराये तथा कार्य शुरू करायें। सभागार में आयोजित 50 लाख से ऊपर की निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होने निर्देश दिया कि निर्माणाधीन परियोजनाओं के कार्य में तेजी लायें। उन्होने रेलवे स्टेशन मार्ग को पूर्ण करने के लिए भी विभागीय अधिकारी को निर्देशित किया है।

समीक्षा में उन्होने पाया कि मण्डल में कुल 384 परियोजनाओं का निर्माण कार्य संचालित है, जिसके सापेक्ष 72 परियोजनाए पूर्ण हो गयी है। इसकी कुल लागत रू0 2399 करोड़ के सापेक्ष रू0 1535 करोड़ अवमुक्त हो गया है। इसके सापेक्ष रू0 1373 करोड़ व्यय किया जा चुका है, जो 89 प्रतिशत है। अनारम्भ परियोजनाओं की संख्या 18 है। मण्डलायुक्त ने इनका भी निर्माण कार्य शुरू करने का निर्देश दिया है, (इसमें सड़क निर्माण संबंधी परियोजनाए शामिल नही है)।

समीक्षा में उन्होने पाया कि कुल 9494 माइलस्टोन में से 6595 माइलस्टोन पूर्ण किए गये है। दिसम्बर माह में 319 के सापेक्ष 258 माइलस्टोन प्राप्त करने पर उन्होने असंतोष व्यक्त किया। उन्होने निर्देश दिया है कि समय से उपभोग प्रमाण पत्र विभागों को उपलब्ध कराये ताकि वहॉ से अगली किश्त जारी होने में विलम्ब ना हों। उन्होने पूर्ण निर्माण परियोजनाओं को समय से विभाग को हस्तांतरित कराने के लिए निर्देशित किया है।

मण्डलायुक्त ने निर्देश दिया है कि सीएम–डैशबोर्ड पर निर्माणाधीन परियोजनाओं की रिपोर्ट प्रतिमाह समय से अपलोड की जाय। विभागीय अधिकारी निर्माणाधीन परियोजनाओं की समय–समय पर निरीक्षण करें ताकि कमियों को समय से दूर किया जा सकें। उन्होने सड़क, पुल, त्वरित आर्थिक विकास योजना, पूर्वांचल विकास निधि, राज्यांश तथा जिलान्श के कार्यो की समीक्षा किया। उन्होने निर्देश दिया है कि अब मौसम अनुकूल हो रहा है। अतः सड़क निर्माण कार्यो को तेजी से पूरा कराया जाय।

बैठक का संचालन उप निदेशक अर्थ एवं संख्या अमजद अली अंसारी ने किया। इसमें अपर आयुक्त प्रशासन राजीव पाण्डेय, सीडीओ जयदेव सीएस, संतकबीर नगर संत कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह, जेडीसी पद्मकान्त शुक्ला, संयुक्त निदेशक कृषि अविनाश चन्द्र तिवारी, प्रभारी अपर निदेशक स्वास्थ्य डा. ए. के. वर्मा, माध्यमिक शिक्षा डा. ओमप्रकाश मिश्र, एडी बेसिक संजय शुक्ल, अधीक्षण अभियन्ता पीडब्ल्यूडी राजेश कुमार, विद्युत के रामदास तथा कार्यदायी संस्थाओं के अधिशासी अभियन्ता एवं परियोजनाधिकारीगण उपस्थित रहें।

# अंतरिम बजट पर टिकी हैं निगाहें, लोक लुभावन घोषणाओं की उम्मीद



**नई दिल्ली (आभा)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी गुरूवार को अपना छठा आम बजट पेश करेंगी। हालांकि, चुनावी साल होने के चलते ये पूर्ण बजट की जगह अंतरिम बजट होगा। ये सीतारमण का पहला अंतरिम बजट भी होगा। लोकसभा चुनाव में कुछ माह शेष होने के चलते सरकार इस बजट में कई बड़ी लोकलुभावन घोषणाएं भी कर सकती है। इन घोषणाओं में सरकारी कर्मचारियों के वेतन बढ़ाने का भी एलान हो सकता है। वहीं अंतरिम बजट में युवा, महिलाओं और किसानों पर फोकस देखने को मिलेगा।

केन्द्रीय आम बजट गुरुवार को संसद में पेश किया जाएगा। इस बजट का असर हर आम से खास व्यक्ति पर पड़ता है।सीतामढ़ी के लोगों को भी आम बजट से बहुत सारी अपेक्षाएं हैं। अयोध्या राम जन्मभूमि की तरह सीता जन्मभूमि का विकास हो, यह लोगों की जुबां पर है।

बजट भाषण का लाइव प्रसारण डीडी न्यूज पर देख सकते हैं। इसके अलावा डीडी नेशनल पर भी लाइव टेलीकास्ट देखा जा सकता है। अगर आप फोन में लाइव देखना चाहते हैं, तो आप डीडी न्यूज का ऑफिशियल यूट्यूब चैनल विजिट कर सकते हैं।

वित्त मंत्री सीतारमण 1 फरवरी को सुबह 8 बजकर 15 मिनट पर सबसे पहले अंतरिम बजट की तैयारी करने वाली अपनी पूरी टीम के साथ फोटो सेशन में हिस्सा लेंगी। इसके बाद वो 8 बजकर 45 मिनट पर राष्ट्रपति से बजट की मंजूरी लेंगी। सुबह 9 बजकर 15 मिनट पर वित्त मंत्री संसद पहुंचेंगी और 10 बजे कैबिनेट बैठक में इस बजट को मंजूरी दी जाएगी। सीतारमण 11 बजे बजट पेश करेंगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कल अपना पहला अंतरिम बजट पेश करेंगी। सीतारमण इससे पहले 5 पूर्ण बजट पेश कर चुकी हैं। वित्त मंत्री के इस बार के बजट के पिटारे से कई बड़ी घोषणाएं हो सकती हैं, जिससे आम लोगों को राहत मिलेगी।

अंतरिम बजट में सरकार नए ऐलान करने के लिए स्वतंत्र है। उदाहरण के लिए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने अपने पहले अंतरिम बजट यानी 2019 में पीएम–किसान सम्मान निधि स्कीम का ऐलान किया था।

# शिक्षक संघ की बैठक में बनी महाहड़ताल की रणनीति



### –एकजुट न हुये तो टूट जायेगी बुढापे की लाठी– उदयशंकर शुक्ल

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

**बस्ती।** बुधवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक बीआरसी परसुरामपुर में संघ जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल की अध्यक्षजा में सम्पन्न हुई। बैठक में पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर पेंशन बहाली संयुक्त मंच 'एन.जे.सी.ए.' राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर होने वाली महाहड़ताल की तैयारियों पर विचार किया गया।

बैठक में संघ जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने उपस्थित शिक्षकों को महाहड़ताल में शत प्रतिशत शामिल होने की शपथ दिलायी गयी। श्री शुक्ल ने कहा कि पुरानी पेंशन बुढापे की लाठी है। अब आर–पार के संघर्ष का समय आ गया है इस बार चूके तो पेंशन हासिल करना मुश्किल हो जायेगा। बताया कि महाहड़ताल में एकजुटता के लिये संगठन द्वारा विकास क्षेत्रवार वीआरसी केन्द्रों पर बैठक कर शिक्षकों को एक जुट किया जा रहा है। यह क्रम जनपद के सभी बीआरसी केन्द्रों पर चरणबद्ध ढंग से चलेगा।

बीआरसी परसुरामपुर में आयोजित बैठक में मुख्य रूप से सतीश शंकर शुक्ल, देवेन्द्र वर्मा, दिनेश कुमार वर्मा, अवनीश तिवारी, रक्षाराम वर्मा, पंच बहादुर यादव, विकास पाण्डेय, धर्मेन्द्र कुमार, अरविन्द कुमार, सुनील कुमार पाण्डेय, रविन्द्रनाथ, विवेकानन्द, शोभाराम वर्मा, राधेश्याम, भरतराम, कमलेन्द्र शुक्ल, रक्षाराम वर्मा, प्रतिभा निषाद, जसवंती देवी, रूचि, शारदा देवी, विलकिस, उर्मिला त्रिपाठी, देवेन्द्र कुमार, धनपाल, विष्णु कुमार, रामजीत वर्मा, अभिराम वर्मा, रामकुमार, विजय कन्नौजिया, कुलदीप मौर्य, वेद प्रकाश, अखिलेश नारायण, अभिनव मिश्र, श्रीराम यादव, हरिश्चन्द्र यादव, सुनील कुमार, सन्तोष तिवारी के साथ ही अनेक शिक्षक शामिल रहे।

## समस्याओं को लेकर व्यापारियों ने दिया धरनाः नगर पालिका टैक्स लेती है तो देनी होगी सुविधा- आनन्द राजपाल

–भारतीय बस्ती संवाददाता–




बस्ती। 16 अक्टूबर को ज्ञापन देकर नगरपालिका क्षेत्र की समस्याओं के समाधान की मांग करने के बाद व्यापारियों ने आज नगरपालिका गेट पर धरना दिया। बताया गया कि पूर्व में दिये गये ज्ञापन को नगरपालिका प्रशासन ने बिलकुल गंभीरता से नही लिया। छाती पर चढ़कर व्यापारियों से टैक्स लेकर देय सुविधाओं से मुह मोड़ना बिलकुल नही चलेगा। इसके लिये आरपार का संघर्ष होगा। सदर तहसीलदार वीरबहादुर सिंह ने व्यापारियों से ज्ञापन प्राप्त किया।

बस्ती उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आनंद राजपाल ने कहा नगरपालिका चुनाव के दौरान हमने वादा किया था कि हमारा प्रत्याशी चुनाव जीतकर आया तो हर महीने श्वेत पत्र जारी कर आय व्यय का ब्योरा देंगे और यदि हमारा प्रत्याशी चुनाव नही जीता तो जो भी आयेगा उसे पाई पाई का हिसाब देते हुये जनसुविधायें मुहैया करानी होंगी। लेकिन नगरपालिका ने मनमाना किराया बढ़ा दिया, रजिस्ट्रेशन पर व्यापारियों का उत्पीड़न शुरू हो गया, पार्किंग सुविधा नही है, रोड लाइटें खराब पड़ी हैं, छुट्टा पशुओं और सड़क के गड्ढों से मुक्ति नही मिली। आनंद राजपाल ने कहा व्यापारी निरीह नही रहा, अपना हक छीन लेने की कूबत व्यापारियों में है। उन्होने व्यापारियों का आवाह्न करते हुये कहा 'तुम मुझे समय दो मै तुम्हे समाधान दूंगा'।

महामंत्री सूर्यकुमार शुक्ल ने कहा व्यापारी टकराहट नही चाहता लेकिन नगरपालिका का भ्रष्ट प्रशासन इसके लिये मजबूर कर रहा है। नतीजा जो भी हम टैक्स देते हैं तो सुविधायें भी चाहते हैं। प्रशासन ये धारणा बदल ले कि हम व्यापारी आंख मूंदकर सबकुछ देखते रहेंगे। उन्होने लाइसेंस शुल्क समाप्त करने, अवैध तरीके से लागू किये गये हाउस टैक्स वाटर टैक्स की पिछले वर्षों से वूसली वापस लेने, दुकानों के किराये में मनमाना वृद्धि वापस लेने, पार्किंग की समुचित व्यवस्था प्रदान करने, छुट्टा जानवरों, गड्ढों वाली सड़कों तथा अतिक्रमण से निजात दिलाने, बगैर नोटिस दुकानों को न उजाड़ने तथा समस्याओं के निदान के लिये व्यापारी सेल का गठन करने की मागें प्रमुखता से उठाई गईं।

धरने को धरने को मीडिया जिला प्रभारी अशोक श्रीवास्तव, डब्बू श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष प्रभात सोनी, सुनील कुमार गुप्ता, आशुतोष पाण्डेय तथा अरूण कुमार सिंह ने भी सम्बोधित किया। धरने का सफल बनाने में अदालत प्रसाद, राना प्रताप सिंह, नीरज कसौधन, अश्वनी कुमार, सतीश सोनकर, बैजनाथ अग्रहरि, हर्षित अग्रवाल, शरद कुमार सोनी, देवेन्द्र श्रीवास्तव, शेषनरायन गुप्ता, तमसीर हसन, माजिद खान, नोमान अहमद, ऋषभ गुप्ता, परशुराम, रविन्द्र कश्यप, अभय सिंह, संजय जायसवाल, पवन शुक्ला, अमर सिंह, प्रमोद श्रीवास्तव, विकास गुप्ता, विवेक सोनी, विजय जायसवाल, झिनकान प्रसाद, संजय कुमार, रितेश, विद्यासागर गुप्ता, प्रेमचन्द, गौरीशंकर सहित तमाम व्यापारियों का योगदान रहा।

*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"—वेंडेल फिलिप्स*

दैनिक
# भारतीय बस्ती
बस्ती 1 फरवरी 2024 गुरूवार

## सम्पादकीय

# ज्ञानवापी समाधान की ओर

ज्ञानवापी के दक्षिणी हिस्से में बने व्यास जी के तहखाने में हिन्दू पक्ष को पूजा—पाठ की इजाजत मिल गई है। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने डीएम को सात दिन के अंदर व्यास जी के तहखाने में पूजा—पाठ के प्रबंध करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा है कि वादी और काशी विश्वनाथ ट्रस्ट बोर्ड की ओर से रखे गये पुजारी यहां पूजा करेंगे। पूजा के लिए लोहे के बाड़ हटाकर रास्ता देने के लिए भी डीएम को आदेश किया गया है। पिछले ही हफ्ते अदालत के आदेश पर व्यास जी के तहखाने की चाबी डीएम ने अपने कब्जे में ली थी। हिन्दू पक्ष के वकील आज के फैसले को राममंदिर का ताला खुलवाने जैसा मान रहे हैं। इस तहखाने पर 1993 से पहले पूजा पाठ होती थी। अयोध्या में विवादित ढांचा ढहने के बाद ज्ञानवापी के चारों तरफ प्रशासन ने लोहे की बैरिकेडिंग कर दी थी। इससे तहखाने में जाने का रास्ता बंद हो गया था और पूजा पाठ भी बंद हो गई थी।

काशी विश्वनाथ मंदिर में बने नंदी के ठीक सामने स्थित ज्ञानवापी के इस तहखाने में 1993 से पहले सोमनाथ व्यास का परिवार नियमित पूजा पाठ करता था। लोहे की बैरिकेडिंग लगने से वहां आना—जाना बंद हो गया और पूजा पाठ भी बंद हो गई थी। पिछले साल जब ज्ञानवापी में स्थित शृंगार गौरी में पूजा की इजाजत समेत कई मामले दाखिल हुए तो तहखाने में भी दोबारा पूजा पाठ के लिए व्यास जी के नाती शैलेंद्र व्यास ने अदालत से गुहार लगाई थी।

उन्होंने याचिका दायर कर कहा कि वर्ष 1993 से तहखाने में पूजा पाठ बंद हो गई। वर्तमान में यह तहखाना अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी के पास है। तहखाने को डीएम की निगरानी में सौंपने के साथ वहां दोबारा पूजा शुरू करने की अनुमति दी जाए। अदालत के 17 जनवरी को डीएम को तहखाने को अपने कब्जे में लेने का आदेश दिया। इसके बाद 24 जनवरी को तहखाना डीएम ने अपनी सुपुर्दगी में ले लिया था।

मंगलवार को भी इस पर सुनवाई हुई और नियमित पूजा पाठ की मांग का विरोध करते हुए मुस्लिम पक्ष की ओर से अंजुमन इंतजामिया के अधिवक्ता ने आपत्ति जताते हुए दलील दी कि अदालत ने केवल रिसीवर नियुक्त करने का जिक्र किया है। उसमें पूजा अधिकार का कोई जिक्र नहीं है। इसलिए वाद को निस्तारित मानते हुए खारिज किया जाए।

ज्ञानवापी सर्वे की एएसआई रिपोर्ट चार खंड में है। पहले खंड में 137 पेज हैं। इसमें स्ट्रक्चर और ब्रीफ फाइडिंग ऑफ सर्वे रिपोर्ट है। दूसरे खंड में पेज संख्या 1 से 195 तक साइंटिफिक सर्वे की रिपोर्ट है। तीसरे खंड में पेज नंबर 204 पर बरामद वस्तुएं का जिक्र है। चौथे खंड में तस्वीरे व डायग्राम हैं, जो 238 पेज में है। एक हजार फोटोग्राफ भी हैं।

ज्ञानवापी का 355 वर्ष पुराना विवाद एएसआई की सर्वे रिपोर्ट से समाधान की राह पर आ गया है। ज्ञानवापी से संबंधित मां शृंगार गौरी मूल वाद की सुनवाई 14 जुलाई 2023 को पूरी कर ली थी। जिला जज की अदालत ने 23 जुलाई को आदेश सुनाया था। हिंदू और मुस्लिम पक्ष की मौजूदगी में अदालत ने रडार तकनीक एएसआई से सर्वे कराने का आवेदन मंजूर किया था। साथ ही, एएसआई के निदेशक को सर्वे कराने के लिए आदेशित किया था।

श्री काशी विश्वनाथ मंदिर से सटे ज्ञानवापी परिसर की भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की सर्वे रिपोर्ट 24 जनवरी 2024 को जिला जज डॉ अजय कृष्ण विश्ववेश की अदालत ने सार्वजनिक कर दी है। जिसमें दावा किया गया है कि मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाई गई थी। एएसआई को सर्वे के दौरान इससे जुड़े कुल 32 सबूत मिले हैं। विष्णु जैन के अनुसार 839 पेज की इस रिपोर्ट में मंदिर के कई साक्ष्यों का उल्लेख किया गया है। इनके आधार पर कहा जा सकता है कि ज्ञानवापी में मसजिद से पहले बड़ा मंदिर था। दीवारों और स्तंभों पर भगवान शिव के तीन नाम जर्नादन, रुद्र और उमेश्वर भी लिखे मिले हैं। मसजिद के सारे पिलर मंदिर के ही थे। इसके अलावा मंदिर की पश्चिमी दीवार पर भी कई स्पष्ट साक्ष्य मिले हैं , जो वहां मंदिर होने का खुलासा करते हैं। निष्कर्ष में बताया है कि वर्तमान ढांचा 2 सितम्बर 1669 के आसपास का है। उसके पूर्व वहां काफी प्राचीन मंदिर रहा होगा। जिसके साक्ष्य जीपीआर तकनीकी की जांच में सामने आये हैं। जीपीआर तकनीक में गुंबद के नीचे व कॉरिडोर के बगल में एक चौड़ा कुआं दिखाई दिया है। नीचे चार तरह के चैम्बर मिले हैं। जिसमें एक बीचोबीच, दूसरा उत्तर, तीसरा पश्चिम और चौथा दक्षिण में है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि सेंट्रल चैंबर के पास मुख्य प्रवेश द्वार और एक काफी प्राचीन मुड़ावदार ढांचा है। पश्चिम चौंबर और वॉल में जो बनावट की शैली उभरी है वह हिंदू मंदिर की है। नीचे मौजूद खंभों पर दोबारा ढांचा बनाया गया है। ये पूरी तरह तय है कि वर्तमान ढांचा किसी दूसरे ढांचे के ऊपर बनाया गया है। पुराना ढांचा मंदिर शैली की बनावट वाला है। इस पर हिंदू पक्ष का कहना है कि भोले बाबा मिल गए हैं। एएसआई ने माना कि ये एक पुराना ढाँचा है, जिसके ऊपर नया स्ट्रक्चर बनाया गया है। मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाई ।

जिला अदालत ने 25 जनवरी 2024 की रात दस बजे काशी विश्वनाथ मंदिर से सटे ज्ञानवापी परिसर में भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा किए गए सर्वे की रिपोर्ट पक्षकारों को सौंप दी।हिंदू याचिकाकर्ताओं ने ज्ञानवापी मस्जिद के बारे में दावा किया था कि 17वीं सदी की इस मस्जिद का निर्माण पहले से मौजूद मंदिर के ऊपर किया गया था। इसके बाद अदालत ने सर्वेक्षण का आदेश दिया था। एएसआई ने 18 दिसंबर 2023 को सीलबंद लिफाफे में अपनी सर्वेक्षण रिपोर्ट जिला अदालत को सौंप दी थी।

अदालत में 33 वर्षों से मुकदमेबाजी चल रही है। 1991 में लॉर्ड विश्वेश्वरनाथ का केस दाखिल हुआ था। एएसआई के विशेषज्ञों की टीम ने जुलाई, अगस्त, सितंबर, अक्तूबर और नवंबर 2023 तक ज्ञानवापी परिसर में सर्वे का काम किया है। सील वजूखाने को छोड़कर परिसर के कोने—कोने से साक्ष्य जुटाए गए हैं। मिट्टी की जांच की गई। दीवारों पर बने प्रतीक चिन्ह की फोटो, वीडियोग्राफी कराई गई। यह भी देखा गया कि प्रतीक चिन्ह किस सदी में बने हैं।ज्ञानवापी के तहखानों से तमाम साक्ष्य मिले हैं, जो ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को दर्शा रहे हैं। उम्मीद की जानी चाहिये कि अब ज्ञानवापी का समाधान निकलेगा। मुस्लिम पक्ष को भी उदारता का परिचय देते हुये इतिहास की भूलों को सुधारने में सहयोग करना चाहिये।

# पलटूरामों के रहमोकरम पर लोकतंत्र



—विश्वनाथ सचदेव—



आधी सदी से कुछ ज़्यादा ही पुरानी बात है। हरियाणा के पलवल चुनाव क्षेत्र से 1967 में गया लाल नामक उम्मीदवार ने चुनाव जीता था। स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव जीतने के तत्काल बाद उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। फिर एक दिन के भीतर—भीतर उन्होंने तीन बार पाला बदलादृ कांग्रेस से जनता पार्टी में, फिर वापस कांग्रेस में और फिर जनता पार्टी में। इसी 'खेल' में जब उन्हें एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके पत्रकारों के समक्ष पेश किया गया तो सम्बन्धित नेता ने कहा था 'गया राम अब आया राम हो गये है'। तभी से दल बदलुओं के लिए एक मुहावरा बन गया।

आज जिस संदर्भ में यह चर्चित किस्सा याद आ रहा है, उसका सम्बंधा 'दल बदल' से तो नहीं, पर 'सरकार—बदल' से जरूर है। और इस प्रक्रिया में गया राम को पलटूराम की संज्ञा दी गयी है। बिहार की महागठबंधन की सरकार के मुखिया नीतीश कुमार ने फिर पलटी मार कर भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर सरकार बना ली है। डेढ़ साल पहले ही वे अपने दल जदयू के साथी दल भाजपा का दामन छोड़कर लालू प्रसाद यादव की पार्टी के साथ मिले थे, मिलकर सरकार बनायी थी। तब उन्होंने कसम खायी थी कि मर जाऊंगा पर भाजपा के साथ फिर नहीं जाऊंगा। उस कसम का क्या हुआ, वही जानें, पर नीतीश कुमार आज फिर यह कह कर भाजपा के साथ हो गये हैं कि 'अब इधर—उधार नहीं जाना है'। इधर—उधर से उनका क्या मतलब है, यह बात समझना भी आसान नहीं हैं। उनका इतिहास बताता है कि वे कब पलटी खा जाएं, पता नहीं। हां, अब इतना सबको पता है कि 'गया राम' की तरह ही 'पलटू राम' भी भारतीय राजनीति का हिस्सा बन गया है। भारत का जागरूक नागरिक इन पलटू रामों से पूछ रहा है— 'यह बता कि काफिला क्यों लुटा?' और यदि नहीं पूछ रहा है तो उसे पूछना चाहिए यह सवाल। विडम्बना यह भी है कि हमारे नेता, चाहे वे किसी भी रंग के क्यों न हों, इधर—उधर की बात करके मतदाता को भरमाने में महारत हासिल कर चुके हैं। झूठे वादे और दावे उनके लिए किसी भी प्रकार की शर्म का कारण नहीं बनते। मतदाता को भले ही कभी इस बात पर शर्म आ जाये कि उसने दल बदलू या पलटूराम का समर्थन क्यों किया था, पर हमारा नेता इस बात की कोई आवश्यकता नहीं समझता कि वह अपने मतदाता को बताये कि उसने जो कुछ किया है, वह क्यों किया है। विडम्बना यह भी है कि हमारी राजनीति में राजनीतिक शुचिता के लिए शायद ही कहीं कोई स्थान बचा है।

जनतंत्र एक ऐसी शासन—व्यवस्था है जिसमें शासन से यह अपेक्षा की जाती है कि वह घोषित नीतियों और दावों—वादों के अनुरूप कार्य करेगा। हां, चुनावों से पहले ऐसा करने की घोषणाएं जरूर की जाती हैं, पर फिर बड़ी आसानी से उन्हें भुला दिया जाता है। मान लिया जाता है कि जनता की याददाश्त बहुत कमजोर होती है!

जनतंत्र का तकाजा है कि जनता अपनी यादघ्दाश्त मजबूत बनाये रखे। तभी जनतंत्र सफल हो सकता है, और सार्थक भी। 'जनता की, जनता के लिए और जनता द्वारा' जो सरकार बनती है, उसकी सफलता—सार्थकता का आधार यही है कि जनता अनवरत सजग रहेदृ न केवल अपने नेताओं की कथनी—करनी को लेकर, बल्कि अपने अधिकारों—दायित्वों के प्रति भी। इसीलिए यह सवाल उठता है कि क्या हमें किसी 'गयाराम' या 'पलटूराम' से उसके किये—करे की कैफियत नहीं पूछनी चाहिए?

जनतंत्र में राजनीति के खिलाड़ी अपनी घोषित—नीतियों, वादों और दावों के आधार पर चुनाव जीतते—हारते हैं। भले ही हमेशा ऐसा हो नहीं, पर ऐसा माना जाता है कि चुनाव नीतियों के आधार पर ही होते हैं। माना यह भी जाता है कि चुनाव जीतने वाला इन नीतियों के अनुसार अपना आचरण रखेगा। अपनी घोषित नीतियों पर टिका रहेगा। पर ऐसा अक्सर होता नहीं। अक्सर राजनेता अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए जनतंत्र की मूल भावना के साथ छल करते दिखाई देते हैं। दल—बदलुओं का आचरण इसी का उदाहरण है। राजनीतिक स्वार्थ के लिए कुछ भी करने को राजनीति की विवशता कहना—मानना वस्तुतरू जनता के साथ विश्वासघात ही है। ऐसा नहीं है कि यह सिर्फ हमारे देश में ही होता है। लेकिन यह कहकर कि दुनिया के अन्य कई जनतांत्रिक देशों में भी यह 'बीमारी' है, हम अपनी बीमारी की गम्भीरता को कम नहीं आंक सकते। इसीलिए हमने लगभग चालीस साल पहले दल—बदल कानून की आवश्यकता को समझा था और 52वें संशोधन के तहत यह कानून बनाया गया था। फिर सनघ् 2003 में 91वें संशोधन के तहत इस कानून को कुछ और ताकतवर बनाया गया। पर बीमारी का मुकम्मल इलाज नहीं हो पाया। लेकिन इलाज तो करना होगा। लेकिन कैसे?

इस प्रश्न का उत्तर आसान नहीं है। लेकिन जनतंत्र की सफलता का तकाजा है कि इलाज की कोशिशें जारी रहें। यह अपने आप में एक विडम्बना ही है कि ऐसी कोशिशों के तहत जिस दिन लोकसभा के अध्यक्ष ने दलबदल—विरोधी कानून पर पुनर्विचार करने के लिए महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष के नेतृत्व में एक समिति गठित करने की घोषणा की, उसी दिन बिहार के 'सुशासन बाबू' ने अपनी गठबंधन की सरकार का त्यागपत्र देकर भाजपा का दामन थाम लिया और वहां नयी सरकार बन गयी! न नीतीश कुमार को इस बात की कोई चिंता थी कि इससे उनकी छवि खराब होगी और न ही दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी होने का दावा करने वाली भाजपा ने यह सोचा कि नीतीश कुमार को फिर से अपने साथ लेकर वह एक अनैतिक काम कर रही है!

हकीकत तो यह है कि अब हमारी राजनीति में नैतिकता के लिए कोई स्थान बचा ही नहीं है। सत्ता ही हमारी राजनीति के केंद्र में है। गांधी ने सेवा के लिए राजनीति की बात कही थी। अब न उस बात को सुना जा रहा है, न याद रखने की कोई आवश्यकता महसूस की जा रही है।

अच्छी बात है कि दल—बदल कानून पर पुनर्विचार की आवश्यकता महसूस की गयी है। देखना होगा कि पुनर्विचार कब और कैसे होता है। लेकिन ऐसे किसी कानून से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है जनतंत्र के नागरिक के मन में इस बात का जगना कि 'आया राम गया राम' का उदाहरण किसी व्यक्ति ने प्रस्तुत किया हो या राजनीतिक दल ने, यह पूरी जनतांत्रिक व्यवस्था के साथ बेईमानी है। यह सच है कि ऐसा करते हुए 'शर्म उनको मगर नहीं आती', पर जागरूक नागरिक का दायित्व बनता है कि वह शर्म महसूस न करने वालों को शर्म दिलाने की कोशिश लगातार करता रहे। कहीं कोई ऐसी व्यवस्था भी होनी चाहिए जिसमें हमारे निर्वाचित नेता संविधान की शपथ लेने के साथ—साथ मतदाता के प्रति निष्ठा की भी शपथ लें।

—लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।

# कांग्रेस की यात्रा के निहितार्थ

—उमेश चतुर्वेदी—




कांग्रेस और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी में कोई समानता हो सकती है? सांप्रदायिकता और मोदी विरोध के नाम पर दोनों दल करीब दो दशक से साथ हैं। करीब ढाई दशक पहले मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी को केंद्र सरकार बनाने का मौका मिला, लेकिन पार्टी ने उसे नकार दिया। तो क्या कांग्रेस भी वैसी ही ऐतिहासिक भूल कर रही है? कांग्रेस को लेकर यह सवाल राजनीतिक हलकों में उसके हालिया कदम के बाद पूछा जा रहा है। रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास ने 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए कांग्रेस को बुलावा भेजा था। पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, मौजूदा अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष अधीर रंजन चौधरी को समारोह में शामिल होने का बुलावा मिला। इस समारोह में शामिल होने के लिए कांग्रेस कुछ दिनों तक उहापोह में रही। आखिर में उसने इस समारोह के आमंत्रण को ही एक तरह से ठुकरा दिया। करीब ढाई दशक से कथित सांप्रदायिकता के इर्द—गिर्द राजनीतिक विमर्श चल रहा है, उसकी वजह से एक सियासी हलके के एक वर्ग को कांग्रेस का यह कदम ऐतिहासिक और मजबूत लग रहा है। लेकिन एक वर्ग ऐसा भी है, जिसे लगता है कि कांग्रेस ने इस आमंत्रण को ठुकरा कर ऐतिहासिक गलती की है।

इतिहास का प्रमाणित तथ्य है कि अयोध्या के विवादित ढांचे का ताला कांग्रेस ने ही खुलवाया। शाहबानो मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को संसद के जरिए पलटने के बाद मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए सवालों के घेरे में आई तत्कालीन राजीव सरकार ने ताला खुलवाकर एक तरह से सियासी पासा फेका था। उसे ऐसा लगा कि कुछ महीनों बाद होने वाले आम चुनावों में इस दांव से नाराज पड़े हिंदू मतदाताओं को साधा जा सकेगा। लेकिन ऐसा नहीं हो सका। चुनाव नतीजों में कांग्रेस सबसे बड़ा दल भले ही बनी, लेकिन बहुमत की संख्या से काफी पीछे चली गई। तब शिलान्यास और ताला खुलवाने को कांग्रेस के अंदर की कट्टर सेकुलरवादी सोच ने गलत बताना शुरू किया। राममंदिर तब से कांग्रेस की नजर में सांप्रदायिकता का प्रतीक बनता चला गया।

लेकिन सवाल यह है कि क्या इसका कांग्रेस को फायदा मिला? लोकतांत्रिक समाज में राजनीतिक फैसलों का आकलन आखिरकार मतदान में मिले समर्थन से ही आंका जाता है। कांग्रेस में ही एक तबका ऐसा है, जिसे लगता है कि बाबरी ध्वंस हुए तीन दशक से ज्यादा हो गए। तब से लेकर अब तक सरयू में काफी पानी बह चुका है। इसलिए इस मुद्दे पर पार्टी को अलग रवैया अख्तियार करना चाहिए। हालांकि उस वर्ग की पार्टी में कम सुनी जाती रही। इसका ही नतीजा रहा कि सर्वोच्च न्यायालय में राममंदिर को लेकर जारी मुकदमे में विरोध में उतरे नेताओं ने राम को काल्पनिक पात्र बताने में हिचक नहीं दिखाई। मीर बाकी ने मंदिर ध्वस्त करके मस्जिद बनवायी थी, उस तथ्य को भी कांग्रेस का प्रभावी तबका नकारता रहा। कांग्रेस के इस कदम को उत्तर भारत के मतदाताओं के एक बड़े वर्ग ने चिढ़ाने के अंदाज में लिया। निश्चित तौर पर भारतीय जनता पार्टी को इसका भी फायदा मिला। विगत दस सालों से केंद्र की सत्ता पर वह काबिज जिन वजहों से है, उसमें एक वजह यह भी है। लेकिन कांग्रेस के बौद्धिक सलाहकारों का प्रभावी तबका इस तथ्य को या तो समझ नहीं रहा है या फिर समझते हुए भी जानबूझकर नकार रहा है।

22 जनवरी के आयोजन को लेकर देशभर में भारतीय जनता पार्टी और संघ परिवार के कार्यकर्ता संपर्क कर रहे हैं। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के आमंत्रण को लेकर जमीनी स्तर पर जिस तरह आम लोगों का समर्थन मिल रहा है, वह सिर्फ सनातन आस्था का उभार का प्रतीक ही नहीं है। बल्कि यह उत्साह एक तरह से भावी चुनावों की बानगी भी पेश कर रहा है। कांग्रेस ने जिस तरह आमंत्रण को ठुकराया है, उससे ऐसा प्रतीत होता है, मानो वह जमीन पर जारी इस उत्साह को समझ नहीं पा रही है।

कांग्रेस का कदम उसकी उसी पारंपरिक राजनीति का विस्तार माना जा सकता है, जिसमें वह सांप्रदायिकता विरोध की राजनीति को धार देने का दावा करती रही है। जिसके जरिए वह अल्पसंख्यकवाद को ही पल्लवित और पुष्पित करती रही है। ध्यान देने की बात है कि ऐसा करने के बावजूद राममंदिर आंदोलन के उभार के बाद राजनीतिक संख्या बल के लिहाज से ताकतवर उत्तर भारत के राज्यों में कांग्रेस का समर्थक आधार लगातार कमजोर होता चला गया है। उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में तो भाजपा विरोध का उसकी बजाय समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय जनता दल जैसे दलों को फायदा मिला है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और बिहार में राष्ट्रीय जनता दल अल्पसंख्यक वोटरों की पहली पसंद हैं। इन दोनों राज्यों में लोकसभा की 120 सीटें आती हैं। लेकिन कांग्रेस के पास महज दो सीटें ही हैं।

अतीत में उत्तर भारत में कांग्रेस ब्राह्मण, दलित और अल्पसंख्यक वोटरों के समीकरण से तैयार राजनीतिक रसायन से सत्ता का मुरब्बा तैयार करती रही है। लेकिन राममंदिर आंदोलन के बाद उसका ब्राह्मण वोट बैंक छिटक गया, जिन अल्पसंख्यकों के लिए समर्थन के लिए वह राममंदिर आंदोलन को सांप्रदायिकता की आंच में पकाती रही, वे अल्पसंख्यक भी उसके साथ नहीं रहे। मौजूदा दौर में राम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह में शामिल न हो पाने का सियासी नफा—नुकसान क्या हो सकता है, यह उत्तर की बजाय कांग्रेस के दक्षिण के क्षत्रप ज्यादा समझ रहे हैं। शायद यही वजह है कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने प्रतिष्ठा समारोह के आमंत्रण को लेकर अप्रत्यक्ष तौर पर उम्मीद दिखाने से परहेज नहीं किया।

बीते पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को सिर्फ तेलंगाना में जीत मिली। इसके बाद कांग्रेस ने नया नैरेटिव पेश किया। कांग्रेस का कहना था कि विंध्य के दक्षिण के मतदाताओं पर सांप्रदायिकता का असर नहीं होता। वे जमीनी मुद्दों पर मतदान करते हैं, जबकि उत्तर के मतदाता सांप्रदायिकता, धर्म और जाति पर मतदान करते हैं। हालांकि यह भी अधूरा सच ही है। चूंकि भारतीय जनता पार्टी के लिए दक्षिण के राज्य अब भी प्रश्न प्रदेश बने हुए हैं, इसलिए कांग्रेस ऐसी सोच रखती है। लेकिन सवाल यह है कि क्या दक्षिण के राज्यों के ही सहारे वह केंद्रीय राजनीति की धुरी बन सकती है? निश्चित तौर पर इसका जवाब ना में है। कांग्रेस को शायद यह लग रहा है कि अगर वह सांप्रदायिकता विरोध की जमीन पर खड़ी रहेगी तो सवर्ण मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग अब भी ऐसा है, जो उसकी ओर खिंचा चला आ सकता है और अल्पसंख्यक वोटरों का समर्थन उसे थोक में मिल सकता है। हालांकि विगत दो—ढाई दशकों का चुनाव नतीजों के आंकड़े कुछ और ही कहते हैं। कांग्रेस के एक वर्ग का मानना है कि पार्टी आलाकमान को राममंदिर के प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होना चाहिए था। उसे बताना चाहिए था कि राम सबके हैं। संयोग से भाजपा ने राम को लेकर यही नारा भी दिया है। प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होकर पार्टी राममंदिर पर भाजपा के स्टैंड में किंचित सेंध लगा सकती थी। कांग्रेस के ही एक धड़े का यह भी मानना है कि प्रतिष्ठा समारोह की बजाय पार्टी आलाकमान को अगले दिन राममंदिर के परिसर में अपने समर्थकों के साथ दर्शन का कार्यक्रम बनाना चाहिए था। कांग्रेस आलाकमान तब यह भी बयान दे सकता था कि राम उसके लिए राजनीति के माध्यम नहीं हैं, बल्कि उसके भी पूज्य हैं। पार्टी में ऐसी समझ रखने वाला तबका आलाकमान के फैसले से निराश है। उसे लगने लगा है कि जमीनी स्तर पर मंदिर को लेकर जारी उत्साह के चलते पार्टी का यह कदम उसे भारी पड़ सकता है। आखिर में एक बार सीपीएम से कांग्रेस की तुलना की बात..1996 में सत्ता को नकारने वाली सीपीएम ने बाद के दिनों में अपने उस कदम को ऐतिहासिक भूल करार दिया था।

# बसपा के राजनीतिक समीकरण



—अजय कुमार—

